नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृतांत

अक्टूबर – दिसम्बर 2024



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


https://www.twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu
https://www.svhmuk.in
svhmuk@gmail.com


धर्म ही हमारे राष्ट्र की जीवन शक्ति है। यह शक्ति जब तक सुरक्षित है, तब तक विश्व की कोई भी शक्ति हमारे राष्ट्र को नष्ट नहीं कर सकती।

-स्वामी विवेकानन्द

# संपादक की कलम से

वर्ष की तीसरी तिमाही सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय के लिए एक दिव्य एवं ईश्वरीय अनुभूति लेकर आयी जब चिकित्सालय परिसर में स्थित मंदिर में प्रभु श्री राम दरबार का पावन आगमन हुआ। इस तीन दिवसीय मंगल कार्यक्रम में पूरे विधि विधान, अनुष्ठान एवं मंत्रोच्चारण के साथ प्रभु श्री राम दरबार की पुनीत स्थापना करी गयी। इस उपलक्ष्य पर प्रभु श्री राम दरबार की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गयी जिसमें समस्त डॉक्टर्स, स्टाफ व आस पास के ग्रामवासियों ने भाग लेकर पूरे मार्ग और चिकित्सालय परिसर को राममय कर दिया। अपार भक्तिभाव से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु भक्तजनों का तातां लग गया जिनमें बहुत सारे गणमान्य जनों व संत समाज के अग्रणी भी सम्मिलित रहे।

इस तिमाही में चार धाम यात्रा पूर्ण होते ही हमारे धाम स्थित चिकित्सालय भी अगले वर्ष तक के लिए बंद हो गए और दे गए हमें स्मृतियों से भरपूर नर सेवा नारायण सेवा का एक और अप्रतिम अनुभव।

यहां उल्लेख करना होगा हमारे श्री केदारनाथ धाम स्थित चिकित्सालय का जहां की हमारे स्टाफ धाम के कपाट बंद होने के बाद अभी भी उपस्थित हैं और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है, विदित हो की श्री केदारनाथ धाम में अभी भी पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है जिनमें हमारा नवीन चिकित्सालय भी है और सब मिलाकर कुल 1000 के आसपास श्रमिक वहां कार्यरत हैं। इन्ही श्रमिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को हमारा चिकित्सालय माइनस के तापमान में भी 24X7 पूर्ण कर रहा है और अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है।

हरिद्वार चिकित्सालय में कान, नाक व गले के ऑपरेशन की शुरुआत और आयुर्वेद विभाग में विरेचन पंचकर्म का प्रारंभ एक और उपलब्धि रही। पेटशाल चिकित्सालय द्वारा एक बस दुर्घटना के पीड़ितों का त्वरित उपचार और बहुमूल्य जीवन रक्षा हमारे द्वारा किसी भी परिस्थिति में सेवा के लिए तत्पर रहने के संकल्प को सुदृढ़ करती है।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में देहरादून में आयोजित हुई आक्रोश रैली को सोसाइटी ने अपना समर्थन दिया और पूरे समर्पण भाव से भाग लिया व मानववाद के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन किया।

इस तिमाही में भी सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में पर्व एवं त्योहार पूरे उत्साह व आमोद प्रमोद के साथ मनाये गए जिनमे मुख्यत: रहे नवरात्रि, विजयादशमी, एवं दीपावली इत्यादि। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर उपहार वितरित किये गए।

अगली तिमाही और भी नवीन उपलब्धियां लेकर आएगी और प्रभु श्री राम की अगाध अनुकम्पा से स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी की यह सेवा यात्रा अविरल एवं अनवरत चलती रहेगी।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतु र्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥

# अनुक्रमणिका

3
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय

4-6
तिमाही विशेष

7-9
प्रवास विशेष

10-13
स्वास्थ्य शिविर चिकित्सालय

14
सामुदायिक कार्यक्रम

15
उत्कृष्ट उदाहरण

16
चार धाम चिकित्सालय आलेख

17-20
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

21-22
समारोहों की झलकियां

23
आंकड़े

संपादकीय एवं रूपांकन टोली
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय


धर्मावाला
सितम्बर 2012


उत्तरकाशी
दिसम्बर 2016


नारायणकोटी
मई 2017


बड़कोट
सितम्बर 2017


पीपलकोटी
जनवरी 2018


श्री बद्रीनाथ धाम
मई 2019


पेटशाल
जुलाई 2019


श्री केदारनाथ धाम
सितम्बर 2019


हरिद्वार
जनवरी 2021


गंगोत्री धाम
सितम्बर 2021


डुमेट
दिसम्बर 2021


दिल्ली
सितम्बर 2022


फिरोजाबाद
फरवरी 2024


वृन्दावन
जून 2024

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगों के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स-रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24X7 कार्यरत हैं और इनमें कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमें प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में नि:शुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 14 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला में प्रभु श्री राम दरबार की पावन स्थापना

**राममय हुआ धर्मावाला चिकित्सालयः** 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित हुए इस तीन दिवसीय मंगल कार्यक्रम ने सभी को ईश्वरीय आभा की अनुभूति करा सम्पूर्ण परिसर को दैवीय बना दिया। प्रभु श्री राम चन्द्र जी के आगमन के पश्चात् चारों तरफ हर्ष और उत्साह का वातावरण था और शास्त्र–सम्मत वेद पाठ, हवन व मंत्रोच्चारण की ध्वनि के साथ श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी व राम भक्त हनुमान जी की आलौकिक प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करी गयी। इसी क्रम में स्थापना से पूर्व प्रभु श्री राम दरबार की शोभा यात्रा भी आयोजित की गयी जिसमें समस्त चिकित्सालय परिवार व आस पास के ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया व जय श्री राम के जयकारों के निनाद से पूरा वातावरण उर्जा और उमंग से परिपूर्ण हो उठा। इस दिव्य, भव्य और नव्य उत्सव में असंख्य रामभक्तों ने प्रतिभाग किया व श्री राम दरबार का शुभाशीष प्राप्त किया, जिनमें प्रमुखतः रहे डुमेट आश्रम से स्वामी प्रेम विवेकानन्द जी व अन्य संत गण, विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों व संगठनों और सोसाइटी से जुड़े गणमान्य जन और समस्त धर्मावाला चिकित्सालय परिवार।








# तिमाही विशेष

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम के व्यवस्थापक बैंकटेश भंडारी  बद्रीश सेवा रत्न से सम्मानित

**6 अक्टूबर** को श्री बद्रीनाथ धाम में नगर पंचायत बद्रीनाथ के तत्वाधान में आयोजित बद्रीश पंचायत महोत्सव में श्री बद्रीनाथ धाम में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु श्री बैंकटेश भंडारी को उपजिलाधिकारी जोशीमठ, थानाध्यक्ष बद्रीनाथ धाम, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बद्रीनाथ धाम तथा उपाध्यक्ष बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु बद्रीश सेवा रत्न से सम्मानित किया गया।



श्री बद्रीनाथ धाम के व्यवस्थापक बैंकटेश भंडारी (बाएं से दूसरे) बद्रीश सेवा रत्न से सम्मानित




सम्मान पत्र

## हरिद्वार चिकित्सालय आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद कालीन "विरेचन कर्म" की शुरुआत



**13 अक्टूबर** से आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद कालीन "विरेचन कर्म" प्रारंभ किया गया। "विरेचन कर्म" द्वारा पित्तकोप जन्य रोगों से शरीर की सुरक्षा होती है तथा पित्त से उत्पन्न होने वाले रोगों की रोकथाम होती है व पित्त से उत्पन्न रोग भी शांत होते है जैसे– अम्लपित्त, विसर्प (Herpes Disease), किटिभ (Psoriasis),स्थौल्य (Obesity) व विभिन्न त्वचा रोग आदि। "विरेचन कर्म" से समस्त शरीर का शोधन (Detoxification) भी होता है।

## पेटशाल चिकित्सालय द्वारा दुर्घटनाग्रस्त रोगियों का उपचार

**26 अक्टूबर** को सायं 6 बजे दिल्ली से जागेश्वर धाम आ रही एक मिनी बस पेटशाल से ऊपर कालीधार में पलट गई जिसमें सवार 21 यात्रियों को गम्भीर चोटें आई, इन सभी को हमारे चिकित्सालय में लाया गया। इनमें से 7 लोगों के सिर पर चोट थी और 8 लोगों के हाथ में फैक्चर व 1 की पसली टुटी हुई थी। सभी का उपचार किया गया और किसी भी यात्री के जीवन की कोई हानि नहीं हुई।



चिकित्सालय में भर्ती यात्री


दिल्ली से जागेश्वर जा रही मिनी बस पलटी


17 यात्री घायल, वाहन में सवार थे 20 मुसाफिर, घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

मीडिया कवरेज

# तिमाही विशेष

## उत्तरकाशी चिकित्सालय में स्वामी वेदानन्द महाराज जी की श्रद्धांजलि सभा

**27 अक्टूबर** को स्वामी वेदानन्द महाराज जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उस दिन चिकित्सालय में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर में आये हुए सभी डॉक्टर एवं चिकित्सालय के समस्त डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने पुष्पार्चन करके श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ नकुल उपाध्याय जी ने स्वामी वेदानन्द जी के जीवन वृत्तांत एवं संस्मरण के बारे में भी बताया। डॉ नकुल उपाध्याय जो की उत्तरकाशी चिकित्सालय के नोडल अधिकारी भी हैं, ने स्वामी वेदानन्द महाराज जी के द्वारा मानवनता के प्रति दिये गये उनके अमूल्य व अतुलनीय योगदान के बारे में सभी उपस्थितजनों को अवगत कराया व श्रद्धासुमन अर्पित किए।


## आक्रोश रैली में धर्मावाला चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ द्वारा प्रतिभाग

**10 दिसंबर:** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सरंक्षण में वहां के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर देहरादून में एक आक्रोश रैली का आयोजन हुआ, जिसमें स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला के डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया। चिकित्सालय द्वारा इस अत्याचार के विरोध में एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसकी प्रति जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी को प्रेषित की गयी। इस अभियान में स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला के 50 से भी अधिक डॉक्टर्स एवं स्टाफ द्वारा इस अत्याचार के विरुद्ध भारी विरोध दर्ज करा कर बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को अपना समर्थन प्रदान किया।





# प्रवास विशेष

RSS से श्री राजकुमार मटाले जी, अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख व श्री चंद्रशेखर जी, उत्तराखंड प्रांत के सह प्रांत प्रचारक व अन्य अधिकारियों का स्वामी विवेकानन्द हैल्थ सोसाइटी के तीन चिकित्सालयों में प्रवास रहा। सभी चिकित्सालयों में समस्त स्टाफ के साथ मिलकर सूक्ष्म परिचय प्राप्त करके अतिथियों ने चिकित्सालय में हो रहे उत्कृष्ट सेवा कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा की तथा चिकित्सालय के भविष्य में और भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की कामना की गयी।

**7 अक्टूबर: स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम**



श्री राजकुमार मटाले जी बायें से चौथे व श्री चंद्रशेखर जी बायें से सातवें

**9 अक्टूबर: स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पीपलकोटी**



श्री राजकुमार मटाले जी दाहिने से तीसरे व श्री चंद्रशेखर जी दाहिने से चौथे

**9 अक्टूबर: स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री बद्रीनाथ धाम**




श्री राजकुमार मटाले जी बायें से चौथे व श्री चंद्रशेखर जी बायें से पांचवें

RSS के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य और पूर्व सह सरकार्यवाह आदरणीय श्री सुरेश सोनी जी व अन्य अधिकारियों का स्वामी विवेकानन्द हैल्थ सोसाइटी के दो चिकित्सालयों में प्रवास रहा। उन्होंने चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, समस्त डॉक्टर एवं स्टाफ से मिले व सुविधाओं को देखकर बहुत प्रसन्न हुए और भरपूर प्रशंसा करी।

**13 अक्टूबर: श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय उजेली, उत्तरकाशी**



श्री सुरेश सोनी जी बायें से तीसरे

**14 अक्टूबर: स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम**



श्री सुरेश सोनी जी बायें से तीसरे

# प्रवास विशेष

**6 अक्टूबर:** माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी में प्रख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. मनोरंजन साहू जी का आगमन हुआ। डॉ. मनोरंजन साहू जी, बीएचयू आयुर्वेद संकाय के पूर्व प्रमुख, शल्य चिकित्सा विभाग के पूर्व अध्यक्ष व क्षार सूत्र के लिए IFTAK (Interception of Fistulous tract and application of Ksharsutra) तकनीक के आविष्कारक हैं और आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी उपस्थिति ने हमारे चिकित्सालय को गौरवान्वित किया।



डॉ मनोरंजन साहू दाहिने से सातवें

**7 अक्टूबर:** स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी में RSS के क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख डॉ हरीश जी एवं अन्य अधिकारियों का प्रवास रहा व सभी स्टाफ को भाई साहब व अन्य अधिकारियों का पाथ्येय प्राप्त हुआ। डॉ हरीश जी व अन्य अतिथियों ने सपूर्ण चिकित्सालय परिसर का भ्रमण किया, विभिन्न विभागों के बारे में विस्तार से जानकारी ली, उपलब्ध उपकरणों और सुविधाओं को देखा और उनके उपयोग व विशेषताओं के बारे में जाना और प्रशंसा की।



डॉ हरीश जी बायें से चौथे

**9 अक्टूबर:** स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम में RSS के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख श्री सेंथिल कुमार जी का प्रवास रहा और सभी स्टाफ को भाई साहब का पाथ्येय प्राप्त हुआ।

श्री सेंथिल कुमार जी ने समस्त चिकित्सालय परिसर का भ्रमण किया, उपस्थित रोगियों से भेंट कर उनका हाल चाल जाना व चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं में विशेष रूचि ली। इतनी ऊंचाई पर ऐसी उत्कृष्ट सुविधाओं को देख उनके मुख से प्रशंसा ही प्रशंसा मिलती रही। श्री सेंथिल कुमार जी ने चिकित्सालय के सभी स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहा।



श्री सेंथिल कुमार जी मध्य में

**20 अक्टूबर:** स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय गंगोत्री धाम में भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश– न्यायमूर्ति माननीय श्री भूषण रामकृष्ण गवई जी का आगमन हुआ तथा माँ गंगा के दर्शन के पश्चात् मंदिर परिसर मे ही स्थित हमारे चिकित्सालय की मेडिकल आउटपोस्ट मे आये तथा सोसाइटी के विभिन्न चिकित्सालयों के विषय मे जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय के सेवा समर्पण भाव की प्रशंसा करी तथा भविष्य में और भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की कामना की।



माननीय श्री भूषण रामकृष्ण गवई जी को हमारे डॉक्टर सोसाइटी का न्यूजलैटर देते हुए

# प्रवास विशेष

**3 दिसम्बरः** स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला में PTC फाउंडेशन ट्रस्ट से श्री सुनील कुमार जी द्वारा ACLS एम्बुलेंस व ऑपरेशन थिएटर उपकरण का निरीक्षण किया गया। विदित हो की ACLS एम्बुलेंस व ऑपरेशन थिएटर के उपकरण PTC फाउंडेशन ट्रस्ट के CSR फण्ड से उपलब्ध कराये गए हैं। स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी PTC फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा दिये गये इस अमूल्य व अनुपम सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती है।



श्री सुनील कुमार जी बायें से दूसरे

**19 दिसम्बरः** स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय बड़कोट में RSS से प्रांत प्रचारक प्रमुख श्री नारायण जी व अन्य अधिकारियों का प्रवास हुआ। श्री नारायण जी व अन्य अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। तत्पश्चात् श्री नारायण जी व अन्य अधिकारियों ने डाक्टर्स एवं स्टाफ से परिचय लिया व अपने अमूल्य वचनों से सभी का मार्गदर्शन किया व सुविधाओं की प्रंशसा की।




श्री नारायण जी दाएं से पांचवें

**22 दिसम्बरः** स्वामी रामप्रकाश धर्मार्थ चिकित्सालय, हरिद्वार में AIIMS दिल्ली से MBBS द्वितीय वर्ष के 90 छात्र–छात्राएं एवं चार रेजिडेंट डॉक्टर्स का प्रवास हुआ। उनको चिकित्सालय के सभी विभागों का भ्रमण कराया गया तत्पश्चात चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय शाह द्वारा स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी एवं चिकित्सालय का परिचय दिया गया। सभी को सोसाइटी का वीडियो भी दिखाया गया एवं जलपान करवाया गया। चिकित्सालय की सुविधाओं से सभी छात्र–छात्राएं अत्यन्त प्रभावित हुए व भरपूर सराहना करी।



AIIMS दिल्ली के छात्र छात्राएं

# स्वास्थ्य शिविर चिकित्सालय

## धर्मावाला: नॉर्थ जोन चैप्टर ऑफ यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (NZUSI) द्वारा यूरोलॉजी शिविर का आयोजन

**6 अक्टूबर:** को आयोजित हुए इस शिविर में कुल 13 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इस शिविर में अपनी सेवा देने आये हुए यूरोलॉजिस्ट तथा उनके सहयोगियों के लिए एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पी. पी. सिंह (निदेशक, NZUSI), डॉ. ऋषि नैय्यर (सचिव, NZUSI), डॉ. शैलेन्द्र कुमार गोयल (कोषाध्यक्ष, NZUSI), डॉ. पंकज गौड़ (मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली), डॉ. अंकुर मित्तल (H.O.D. यूरोलॉजी, AIIMS, ऋषिकेश), डॉ. विकास पंवार (AIIMS, ऋषिकेश), डॉ. बृजमोहन जोशी (मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली), डॉ. विकास बंसल (यशोदा हॉस्पिटल, गाजियाबाद) डॉ. प्रदीप देब (एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा), डॉ. अभिषेक पाठक (एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा), डॉ. ताहिर (AIIMS, ऋषिकेश), डॉ. अविन (AIIMS, ऋषिकेश) का चिकित्सालय के डॉक्टर्स द्वारा सम्मान किया गया । साथ ही NZUSI के निदेशक डॉ. पी. पी. सिंह द्वारा सोसाइटी को सहयोग राशि भी भेंट की गयी ।






## धर्मावाला: नियमित पाक्षिक यूरोलॉजी शिविर

हर माह के दूसरे व अंतिम रविवार को धर्मावाला चिकित्सालय में गत आठ वर्षो से नियमित यूरोलोजी का शिविर लगाया जाता है जिनमें दिल्ली/आगरा व अन्य जगहों से प्रख्यात यूरोलोजिस्ट्स अपनी सेवाएं देने हेतु आते हैं और हमें अनुगृहित करते हैं। इस तिमाही में कुल 6 शिविरों में 49 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इनमे कई जटिल व आधुनिक प्रक्रियाएं थी जो की कुछ ही बड़े चिकित्सालयों में होती हैं एवं उनका व्यय भी अत्यधिक होता है व निम्न आय वर्ग की पहुँच से परे होता है।





# स्वास्थ्य शिविर चिकित्सालय

## धर्मावाला: नेत्र सर्जरी शिविर

इस तिमाही में आयोजित हुए इन शिविरों में नेत्र सर्जन डॉ राज कुमार गुप्ता और (लेफ्टिनेंट कर्नल) डॉ अनिल शर्मा ने अपना अमूल्य योगदान दिया ।

कुल शिविर: 13   कुल सर्जरी: 93

इन शिविर में 86 रोगियों की सफलतापूर्वक Cataract (Phako) सर्जरी की गई। इसके अतिरिक्त 7 Pterygium व Chalazion सर्जरी भी सफलतापूर्वक की गयीं।



नेत्र सर्जन डॉ अनिल शर्मा (दायें से दूसरे) लाभार्थियों से साथ



नेत्र सर्जन डॉ राजकुमार गुप्ता (मध्य में) लाभार्थियों से साथ

## धर्मावाला: स्पाइन सर्जरी शिविर

**27 दिसम्बर:** धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित हुए इस शिविर में कुल पांच सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इनमें एक Scoliosis Correction with Growth Rods अत्यंत ही जटिल ओर महंगी थी, जो की पूर्णत: नि:शुल्क करी गयी ओर जो केवल Tertiary लेवल के चिकित्सालयों में ही की जाती है।





## धर्मावाला: गैस्ट्रो सर्जरी शिविर



**4 दिसम्बर:** धर्मावाला में आयोजित गैस्ट्रो सर्जरी शिविर में 2 मेजर सर्जरी व अन्य माइनर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयीं। शिविर में आगरा मेडिकल कॉलेज से M.Ch Surgical Gastroenterology Surgeons डॉ. सुनील गोदारा और डॉ विजय सैनी विशेष रूप से इसी शिविर हेतु अपनी अमूल्य सेवाएं देने आये थे। दोनों मेजर सर्जरी Pseudo Pancreatic cyst surgery व Intussusception with multiple perforations सर्जरी अत्यंत ही जटिल व कठिन थीं और जो केवल बड़े tertiary लेवल के चिकित्सालयों में ही की जाती है।

# स्वास्थ्य शिविर चिकित्सालय

## नारायणकोटी में सर्जरी शिविर

**24 अक्टूबर व 4 दिसम्बर:** शिविरों में यथार्थ हॉस्पिटल नोएडा से आये डॉ हमीदी, जनरल एवं laparoscopic सर्जन व डॉ चंचल, एनेस्थेटिस्ट ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी व कुल 15 सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न करी गई।






## हरिद्वार चिकित्सालय में नाक, कान व गले व थायराइड रोग का शिविर








हरिद्वार चिकित्सालय द्वारा नाक, कान व गले के शिविर का आयोजन किया गया जिसमें Otolaryngologists मणिपुर से डॉ. (मेजर) जितेन सिंह और डॉ. पुष्प किशोर व हल्द्वानी से डॉ. अचिन पंत ने अपनी सेवाएं प्रदान करीं, इसके अतिरिक्त बागडोगरा, पश्चिम बंगाल से Cochlear Implant विशेषज्ञ कर्नल डॉ. सुनील गोयल भी सम्मिलित रहे। इस शिविर में चिकित्सालय के अतिरिक्त गांवों में भी शिविर लगाकर लाभार्थियों व स्कूली बच्चों में भी सुनने की समस्या और अन्य नाक,कान व गले के रोग से संबंधित समस्याओं की जांच की गयी। शिविरों में चिन्हित रोगियों के ऑपरेशन किये गए। इन शिविरों में कुल 78 रोगी देखे गए व कुल 2 ऑपरेशन किये गए ।

# स्वास्थ्य शिविर चिकित्सालय

## पीपलकोटी में सर्जरी शिविर



**3 दिसम्बर:** शिविर में यथार्थ हॉस्पिटल नोएडा से डॉ हमीदी, जनरल एवं Laparoscopic सर्जन व डॉ चंचल, एनेस्थेटिस्ट ने अपनी सेवाएं दी व कुल 6 सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न करी गई।

## स्वास्थ्य व राहत शिविर: उत्तरकाशी



**19 दिसम्बर** को ग्राम सिल्ला में अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के लिए राहत व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गर्म स्वेटर व दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई। गर्म स्वेटर श्री महर्षि भृगु आश्रम के द्वारा दिये गए।

## पेटशाल में सर्जरी शिविर



**16 नवम्बर:** शिविर में रूद्रपुर से वरिष्ठ laparoscopic सर्जन डॉ अजय अग्रवाल व एनेस्थेटिस्ट डॉ सम्पूर्ण सिंह मेडिकल कॉलेज बेस अस्पताल अल्मोड़ा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 3 सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।

## पेटशाल में नेत्र रोग शिविर



**6 व 13 दिसम्बर** को आयोजित हुए इस शिविर में अल्मोड़ा से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ जे. सी. दुर्गापाल ने अपनी सेवाएं दी। रोगियों की नेत्र जांच की गयी व ऑपरेशन की आवश्यकता वालों को अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया।

## लिवर फाईब्रोस्कैन (Liver Fibroscan) शिविर: दिल्ली

लिवर फाइब्रोस्कैन एक प्रकार की लिवर की जांच है जिसमें रोगी की पसलियों के निचले दाहिने हिस्से पर एक छोटी सी हाथ से पकड़ी जाने वाली मशीन लगाई जाती है।

- यह लिवर की क्षति का आंकलन करने का एक अच्छा तरीका है।
- यह लिवर में जमा वसा की मात्रा का पता लगाने में मदद करता है।
- यह लिवर में होने वाले बदलावों की निगरानी करने के लिए बार-बार किया जा सकता है।
- यह लिवर में Fibrosis या Cirrhosis के रोगियों में Biopsy की जरूरत को कम करता है।

कुल स्कैन: 24



# सामुदायिक कार्यक्रम

## माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम





माई पैड कार्यक्रम

| कुल | प्रारम्भ से | इस तिमाही |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 8,265 | 2683 |
| वितरित पैकेट ( एक पैकेट में 6 पैड ) | 68,593 (4,11,558) | 4762 |

## बाल गोकुलम

### सोसाइटी के चिकित्सालयों में साप्ताहिक बाल गोकुलम (बच्चों का संस्कार कार्यक्रम)

सोसाइटी प्रत्येक रविवार को अपने सभी चिकित्सालयों में बाल गोकुलम का आयोजन करती आ रही है जिसमे आसपास के गांवों के बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को खेलों के माध्यम से विकर्सित किया जाता है। खेलों के साथ साथ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र कि शिक्षाप्रद कहानियों और योग अभ्यास सम्मिलित हैं। इसी क्रम में धर्मावाला के पास के ग्राम परतीतपुर में इसका आयोजन किया गया।





धर्मावाला



नारायणकोटी



बड़कोट

# उत्कृष्ट उदाहरण: हमारे चिकित्सालयों के सेवा उदाहरण सुनने के लिए दिए गए Link पर क्लिक करें

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम



बेंगलुरु निवासी 63 वर्षीय श्रीमती एन वेधी को दर्शन के समय गंभीर सांस संबंधित समस्या होने पर मंदिर परिसर में स्थित हमारी मेडिकल आउटपोस्ट में लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के पश्चात् उन्हें हमारे मुख्य चिकित्सालय स्थानांतरित किया गया। उनका यथोचित उपचार कर सहज किया गया और सुधार होने पर छुट्टी दे दी गयी। हमारे द्वारा दिए गए उपचार से पूर्णतः संतुष्ट हो उनके पति के द्वारा सहृदय आभार व्यक्त किया गया।

https://www.youtube.com/watch?v=52jO7jyLxCc

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम



हैदराबाद से आये एक तीर्थयात्री सांस की तकलीफ और चक्कर की शिकायत के साथ चिंताजनक स्थिति में हमारे चिकित्सालय में लाया गया। जांच करने पर उनका ब्लड सुगर लेवल भी काफी बढ़ा हुआ था। उनका यथोचित उपचार कर सहज किया गया और सुधार होने पर छुट्टी दे दी गयी। हमारे द्वारा दिए गए उपचार से पूर्णतः संतुष्ट हो उन्होंने चिकित्सालय को बहुत धन्यवाद दिया।

https://www.youtube.com/watch?v=eFRU4FhSIbc



सूरत से स्वैच्छिक सेवाएं देने आईं महिला रोग व फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ बिनोदिनी चौहान सेवाओं से अत्यंत प्रभावित हो कहा की वह अपने आप को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां अपनी चिकित्सा सेवा देने का अवसर मिला। उन्होंने कहा की यहां पर दी जा रही चिकित्सीय सेवाएं अमूल्य और अतुलनीय हैं। यहां उल्लेख करना होगा की डॉ बिनोदिनी चौहान का जिन्होंने अपने व्यस्त चिकित्सीय दिनचर्या से समय निकाला, निःशुल्क सेवाएं प्रदान करीं और आने जाने का व्यय भी स्वयं ही वहन किया। सोसाइटी हृदय से उनकी इस सेवा के लिए आभार व्यक्त करती है।

https://www.youtube.com/watch?v=-ugA_GDR_3w



दरभंगा मेडिकल कॉलेज, बिहार से स्वैच्छिक सेवाएं देने आईं प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष एवं महिला रोग व प्रसूति रोग, डॉ शीला कुमारी भी यहां की सेवायों से प्रभावित हो कर कहा की चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सेवाएं अमृत के समान हैं। जो भी रोगी यहां आ रहे हैं जिनमें से कई तो गंभीर अवस्था में होते हैं, चिकित्सालय के डॉक्टर्स व स्टाफ पूरी तन्मयता से उनकी सेवा सुश्रूषा कर उनके स्वस्थ कर ही भेजते हैं। उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था और हमारे चिकित्सालय में हुए उपचार से वह भी स्वस्थ हो गयीं। सोसाइटी हृदय से उनकी इस सेवा के लिए आभार व्यक्त करती है।

https://youtu.be/-4mDxe5edio




श्री केदारनाथ धाम दर्शन हेतु पश्चिम बंगाल से आये तीर्थ यात्री के परिवार के तीन सदस्य, पत्नी, बेटा व बेटी सांस लेने में दिक्कत, उलटी, चक्कर से पीड़ित हो कर चिंताजनक स्थिति में हमारे स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम पहुँचे। इन सभी को कहीं भी उचित उपचार नहीं होने से सभी अत्यंत चिंतित व परेशान थे, उन सभी का तुरंत उपचार प्रारंभ किया गया व स्थिति सामान्य होने के पश्चात डीसचार्ज कर दिया गया। सभी ने हृदय से प्रशंसा करी व आभार व्यक्त किया।

https://www.youtube.com/watch?v=pj3eYxvNW20

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय सुनने के लिए दिए गए Link पर क्लिक करें

**–20 डिग्री तापमान में भी हम हैं और अपनी उपस्थिति से अमूल्य जीवन रक्षा के पुण्यकार्य में प्रयारत हैं।**

श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद भी हमारा चिकित्सालय अपना जीवन रक्षा का कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है और नर सेवा नारायण सेवा को यथार्थ कर रहा है।

**7 दिसम्बर:** श्री केदारनाथ धाम से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित छानी बेस कैम्प में काम कर रहे एक श्रमिक का स्वास्थ्य खराब होने पर उनके 8 सहयोगियों द्वारा हमारे चिकित्सालय लाया गया। रोगी की हालत चिंताजनक थी, सांस की दिक्कत, सीने मे दर्द, बुखार इत्यादि हो रहा था। रोगी को भर्ती कर तुरंत उचित उपचार प्रारंभ किया गया व स्थिति सामान्य होने के पश्चात डीसचार्ज कर दिया गया। रोगी के साथ आये सभी श्रमिकों ने हृदय से धन्यवाद दिया।

https://youtu.be/L6f4pH9WuD0



## निर्माणाधीन नवीनतम चिकित्सालय श्री केदारनाथ धाम

चार धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी इन धामों पर पूर्णतः निःशुल्क ICU सुविधा से सुसज्जित धर्मार्थ चिकित्सालय चला रही है और श्रद्धालुओं की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने में निरन्तर प्रयासरत है। सोसाइटी का श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय भी वर्ष 2019 से सतत तीर्थयात्रियों की सेवा में क्रियाशील है। समुद्र तल से 12,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित, आईसीयू से सुसज्जित 8 बेड वाले इस चिकित्सालय इस वर्ष 1 लाख 85 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध कराई हैं ।

वर्तमान चिकित्सालय सीमित स्थान व एक अस्थायी कैंप में कार्यरत है और इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में कठिनाई का सामना कर रहा है। इसी को देखते हुए सोसाइटी आधुनिक सुविधाओं से युक्त 50 बेड्स के नवीन चिकित्सालय के निर्माण कर रही जो की वर्तमान चिकित्सालय के सामने ही स्थित है व श्री केदारनाथ धाम मंदिर से 650 मीटर पहले हैं। तीन तल का यह चिकित्सालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा व अधिक संख्या में तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करा पायेगा।



**निर्माणाधीन चिकित्सालय के कुछ चित्र**

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

### धर्मावाला

शिविर – 15, लाभार्थी– 6652
सर्जरी– 102

### हरिद्वार

शिविर– 12, लाभार्थी – 1481
सर्जरी – 27

**गुर्दा रोग विशेषज्ञ**
डॉ अनिल भट्ट

**गठिया रोग विशेषज्ञ**
डॉ निखिल सी

**गेस्ट्रोसर्जन**
डॉ सुनील गोदारा
डॉ विजय सैनी

**एनेस्थेटिस्ट**
डॉ के एस चौहान

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ आलोक कुमार
डॉ अत्रेयो चक्रबर्ती
डॉ पी के सिंह

**फिजीशियन एम डी**
डॉ एस के बक्शी
डॉ अशोक कुमार

**न्यूरो सर्जन**
डॉ मयंक अग्रवाल
डॉ अरविंद ममगाईं

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ तरुणेश शर्मा

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ ए के जैन

**महिला रोग विशेषज्ञ**
डॉ शीला कुमारी

**नेत्र सर्जन**
डॉ राजकुमार गुप्ता
डॉ अनिल शर्मा
डॉ अच्युत नरैन पांडे
डॉ श्वेता शर्मा

**ई एन टी विशेषज्ञ**
डॉ सुनील गोयल
डॉ पुष्पकिशोर
डॉ जितेन सिंह
डॉ अचिन पंत
डॉ एस पी सिंह

**सोनॉलॉजिस्ट**
डॉ नवल किशोर साहू

**साइकोथेरेपिस्ट**
डॉ श्यामलता जुयाल

**होमोयोपैथी**
डॉ स्पंदना रेड्डी

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ पी पी सिंह
डॉ प्रशांत जैन
डॉ ऋषि नैय्यर
डॉ शैलेन्द्र गोयल
डॉ अंकुर मित्तल
डॉ विकास पँवार
डॉ पंकज गौड़
डॉ ब्रिज मोहन जोशी
डॉ प्रदीप देब
डॉ अभिषेक पाठक
डॉ ताहिर
डॉ अविन
डॉ देवप्रिय मित्रा
डॉ विशालकुंवर सिंह
डॉ विकास बंसल

**स्पाइन सर्जन**
डॉ तारुष रुस्तगी
डॉ प्रणव राजेंद्र

**पेट व गुदा रोग विशेषज्ञ**
डॉ विनोद कुमार गुप्ता



NZUSI यूरो शिविर, धर्मावाला



हरिद्वार

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## दिल्ली

### शिविर – 23, लाभार्थी– 1038



**डॉ अभिजीत साहा**
बाल रोग विशेषज्ञ



**डॉ अश्वनी राय**
एम. डी. मेडिसिन



**डॉ गुंजन मल्होत्रा**
स्त्री रोग विशेषज्ञ



**डॉ जयजीत गुहा**
एम. डी. मेडिसिन



**डॉ निलेश आर जाधव**
न्यूरोलॉजिस्ट



**डॉ मानसी देशमुख**
त्वचा रोग विशेषज्ञ



**डॉ सतीश शर्मा**
त्वचा रोग विशेषज्ञ



**डॉ सर्वेश पाण्डे**
ऑर्थोपेडिक सर्जन

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## उत्तरकाशी

## शिविर – 03, लाभार्थी– 246



वालंटियर डॉक्टर्स की टीम



**डॉ अभिजीत सिंह**
हड्डी रोग विशेषज्ञ



**डॉ कृष्ण देव शाक्य**
जनरल फिजिशियन



**डॉ संजय शाह**
जनरल फिजिशियन एवं डायबिटोलॉजिस्ट



**डॉ नकुल उपाध्याय**
त्वचा रोग विशेषज्ञ



**डॉ स्वामी सुरेश्वरानंद जी**
हड्डी रोग विशेषज्ञ



**डॉ सीता शर्मा**
महिला रोग विशेषज्ञ

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## पेटशॉल

### शिविर – 5, लाभार्थी– 198



**डॉ अजय अग्रवाल**, जनरल व Laparoscopic सर्जन व
**डॉ सम्पूर्ण सिंह**, एनेस्थेटिस्ट



**डॉ उषा उप्रेती**
स्त्री रोग विशेषज्ञ



**डॉ उषा भट्ट**
पैथोलॉजिस्ट



**डॉ नीलांबर भट्ट**
फिजिशियन व डायबेटोलॉजिस्ट



**डॉ गौरव पुरोहित**
न्यूरॉसर्जन



**डॉ जे सी दुर्गापाल**
नेत्र रोग विशेषज्ञ



**डॉ कार्तिकेय भट्ट**
जनरल फिजिशन

# समारोहों की झलकियाँ

## शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती


धर्मावाला


हरिद्वार

## नवरात्रि व विजयादशमी


हरिद्वार


नारायणकोटी


नवरात्रि में कन्या पूजन, पेटशाल


नवरात्रि में कन्या पूजन, दिल्ली

## दीपावली


धर्मावाला

# समारोहों की झलकियाँ

## दीपावली



धर्मावाला



हरिद्वार



फिरोजाबाद



गंगोत्री धाम



पेटशाल



नारायणकोटी



पीपलकोटी




उत्तरकाशी

# आंकड़े


## कुल पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (463) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 302 | 97 |
| हरिद्वार | 29 | 2 |
| नारायणकोटी | 13 | 2 |
| पीपलकोटी | 9 | 2 |
| पेटशाल | 3 | 0 |
| उत्तरकाशी | 0 | 3 |
| बड़कोट | 0 | 1 |
| **कुल** | **356** | **107** |

सर्जरी में शामिल हैं सामान्य, स्त्री रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 1356 | NA | 1356 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 118 | 25 | 143 |
| एंडोस्कोपी | 142 | NA | 142 |
| ईको (ECHO) | 105 | NA | 105 |
| ऑडियोमेट्री | 34 | NA | 34 |
| स्पाईरोमेट्री | 37 | 32 | 69 |

उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई.सी.जी. | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 57982 | 974 | 4461 | 1547 | 1404 |
| उत्तरकाशी | 1937 | 30 | 463 | 39 | 190 |
| नारायणकोटी | 2621 | 303 | 533 | 138 | 103 |
| बड़कोट | 1325 | 51 | 544 | 65 | 315 |
| पीपलकोटी | 3643 | 148 | 344 | 197 | 303 |
| श्री बद्रीनाथ | 2852 | 615 | 103 | 45 | NA |
| पेटशाल | 3505 | 58 | 327 | 14 | NA |
| श्री केदारनाथ | 2390 | 4597 | 846 | 236 | NA |
| हरिद्वार | 7744 | 287 | 1065 | 535 | 2028 |
| गंगोत्री | 82 | 128 | 60 | 6 | NA |
| दिल्ली | 1910 | 249 | 200 | 0 | 388 |
| डुमेट | 156 | NA | NA | NA | 853 |
| वृन्दावन | 762 | NA | 267 | NA | NA |
| **कुल** | **86,909** | **7,440** | **9,213** | **2,882** | **5,584** |

| 1,06,227 | 463 | 7,440 | 9,213 | 3,086 | 86,909 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स–रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

**चार धाम साथी ऐप**
**डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256IFSC
Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

**दान देने के लिए**
**स्कैन करें**

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealth missi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल (सचिव) 9410924299, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001